तकनीकी छात्रों के लिए अनिवार्य होगा दो औद्योगिक भ्रमण व प्रशिक्षण

राब्यू, जागरण• लखनऊ: तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए अब दो औद्योगिक भ्रमण और औद्योगिक प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाने की तैयारी है। इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ उद्योगों और निर्माण स्थलों का व्यावहारिक अनुभव दिलाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने विधान भवन स्थित कार्यालय में डेलायट संस्था के प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

पूरी खबर पढ़ने के लिए स्कैन करें क्यूआर

इसमें तय किया गया कि सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को एक्सप्रेसवे, टनल और डैम निर्माण स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा ताकि उन्हें बड़े निर्माण कार्यों की वास्तविक जानकारी मिल सके। वहीं मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को ईवी निर्माण इकाइयों और अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा कराया जाएगा, जिससे वे आधुनिक तकनीकों और मशीनों को करीब से समझ सकें।